प्रेषक,

ई–मेल / रजि0

प्रधानाचार्य
राजकीय पॉलीटेक्निक
कोटवन, मथुरा।

सेवा में,

प्रधानाचार्य
राजकीय पॉलीटेक्निक,
फतेहपुर

पत्रांक 7036 / स्था0 पी0एफ0 / 2022–23 दिनांकः 18 / 07 / 2022

विषयः श्रीमती प्रीती वर्मा व्याख्याता सिविल अभि0 के स्थानान्तरण के पश्चात कार्यमुक्त किये जाने विषयक।

महोदय,

निदेशक प्राविधिक शिक्षा उत्तर प्रदेश कानपुर के पत्रांक संख्या 15013–26 / ई–2–दो–134(पी)(2022–23), कानपुर दिनाँक 30 जून, 2022 के अनुपालन में श्रीमती प्रीती वर्मा व्याख्याता सिविल अभि0 का स्थानान्तरण संस्था राजकीय पॉलीटेक्निक कोटवन, मथुरा से आपकी संस्था राजकीय पॉलीटेक्निक, फतेहपुर में हुआ है। श्रीमती प्रीती वर्मा वर्तमान में दिनाँक 06.06.2022 से दिनाँक 30.07.2022 तक कुल 55 दिन के अवैतनिक अवकाश पर है तथा उनका अवकाश स्वीकृति प्रार्थना–पत्र निदेशालय स्तर पर विचाराधीन है।

परन्तु निदेशक प्राविधिक शिक्षा उ0 प्र0 कानपुर के पत्रांक–19437–578 / ई–2–दो–134(पी) कानपुर दिनाँक 16.07.2022 के द्वारा सभी स्थानानान्तरित अधिकारियों / कर्मचारियों को आज दिनाँक 18.07.2022 को कार्यमुक्त किया जाना है। अतः उक्त पत्र के अनुपालन में श्रीमती प्रीती वर्मा को आज दिनाँक 18.07.2022 की अपरान्ह से इस निर्देश के साथ कार्यमुक्त किया जाता है कि वे अपने अवकाश की समाप्ति पर दिनाँक 31.07.2022 को राजकीय पॉलीटेक्निक, फतेहपुर में अपनी योगदान आख्या प्रस्तुत करें।

भवदीय

प्रधानाचार्य

PRINCIPAL
Government Polytechnic Kosvan
Mathura . U.P

पृ0सं0 737-39 / स्था0 पी0एफ0 / 2022–23 तद्दिनांक 18 / 07 / 2022

प्रतिलिपिः– निम्न को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1.निदेशक प्राविधिक शिक्षा उ0प्र0 कानपुर को सादर सूचनार्थ।
2.संयुक्त निदेशक प्राविधिक शिक्षा पश्चिमी क्षेत्र दौराला, मेरठ।
3श्रीमती प्रीती वर्मा व्याख्याता सिविल अभि0 को इस निर्देश के साथ कि वे अपने अवकाश की समाप्ति पर दिनाँक 31.07.2022 को सीधे राजकीय पॉलीटेक्निक फतेहपुर में कार्यभार ग्रहण करे।

प्रधानाचार्य
राजकीय पॉलीटेक्निक
कोटवन, मथुरा

PRINCIPAL
Government Polytechnic Kosvan
Mathura . U.P

# प्राविधिक शिक्षा निदेशालय उत्तर प्रदेश
**Directorate of Technical Education Uttar Pradesh**
**विकास नगर, कानपुर–208002**
**Vikas Nagar, Kanpur-208002**
वेबसाइट/website : http://upted.gov.in/directorate
दूरभाष/Phone: 2582084 • फैक्स/Fax: 2580965 • ई–मेल/email:directordteup@gmail.com


:: आदेश ::

प्राविधिक शिक्षा (डिप्लोमा सेक्टर), उत्तर प्रदेश के नियंत्रणाधीन राजकीय पालीटेकनिकों के समूह "ख" श्रेणी में तैनात निम्नलिखित कार्मिक को उनके नाम के सम्मुख अंकित संस्था में स्थानान्तरित कर तैनात किया जाता है :–

| क्र. सं. | कर्मचारी का नाम व पदनाम सर्वश्री/श्रीमती/सुश्री :– | वर्तमान तैनाती का स्थान | संस्था जहाँ स्थानान्तरित किया जाता है | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|
| 1. | प्रीति वर्मा, व्याख्या०सिविल अभियंत्रण | राजकीय पालीटेकनिक, कोटवन मथुरा | राजकीय पालीटेकनिक, फतेहपुर | स्वयं के अनुरोध पर। |

उपरिलिखित कार्मिक में से, जिन कार्मिक का स्थानान्तरण स्वयं के अनुरोध पर है, उन्हें किसी प्रकार का कोई यात्रा भत्ता देय नहीं होगा।

सम्बन्धित संस्था प्रधानाचार्यों को निर्देशित किया जाता है कि स्थानान्तरित किये गये उपरोक्त कार्मिक को प्रतिस्थानी की प्रतीक्षा किये बगैर प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा आयोजित सम–सेमेस्टर परीक्षा/वार्षिक परीक्षा/बैक पेपर/विशेष बैक पेपर परीक्षा जून, 2022 एवं मल्टी प्वाइंट इन्ट्री एण्ड क्रेडिट सिस्टम परीक्षा, जून–2022 समाप्ति के पश्चात् तत्काल कार्यमुक्त करके, उन्हें नये तैनाती स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने का निर्देश दें।

स्थानान्तरित कार्मिकों द्वारा तैनाती के स्थान पर कार्यभार ग्रहण न करने पर उनके विरुद्ध अनुशासनिक कार्यवाही की जायेगी।

उपर्युक्त स्थानान्तरण आदेश की अवहेलना अनुशासनहीनता की परिधि में माना जायेगा। स्थानान्तरित कार्मिक के स्थानान्तरण रोकने सम्बन्धी प्रत्यावेदनों को अग्रसारित न किया जाये और यदि उपरोक्त कार्मिक इन आदेशों के विरुद्ध दबाव डालने का प्रयास करेगा, उसके इस कृत्य/आचरण को 'सरकारी कर्मचारी आचरण नियमावली–1956' के नियम–27 का उल्लंघन मानते हुये उसके विरुद्ध 'उत्तर प्रदेश सरकारी सेवक (अनुशासन एवं अपील) नियमावली–1999' यथा संशोधित के सुसंगत प्राविधानों के अनुसार कार्यवाही करते हुये निलम्बन के सम्बन्ध में भी विचार किया जायेगा। स्थानान्तरण आदेश के अनुसार कार्यभार न छोड़ने पर सम्बन्धित कर्मचारी के वेतन का भुगतान नहीं किया जायेगा तथा उसकी सूचना सम्बन्धित कोषाधिकारी को दे दी जायेगी।

उपरोक्त स्थानान्तरण आदेश शासन के पत्रांक–संख्या–11/2022/363–सामान्य/सैंतालिस–का–4–2022–1/3/96, दिनांक 15.06.2022 में निहित प्रतिबन्धों/प्राविधानों के परिप्रेक्ष्य में निर्गत किये जा रहे हैं।

( मनोज कुमार )
निदेशक।

संख्या–15013–26/ई–2–दो–134(पी)(2022–23),कानपुर:दिनांक: 30 जून, 2022

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित :–

1. निजी सचिव, प्रमुख सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उत्तर प्रदेश शासन, लखनऊ को सचिव महोदय के अवलोकनार्थ।
2. विशेष सचिव, उत्तर प्रदेश शासन, प्राविधिक शिक्षा अनुभाग–2, विधान भवन, लखनऊ।
3. निदेशक, शोध विकास एवं प्रशिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
4. महालेखाकार, उत्तर प्रदेश, इलाहाबाद।

प्राविधिक शिक्षा निदेशालय उत्तर प्रदेश
Directorate of Technical Education Uttar Pradesh
विकास नगर, कानपुर–208002
Vikas Nagar, Kanpur-208002
वेबसाइट/website : http://upted.gov.in/directorate
दूरभाष/Phone: 2582084 • फैक्स/Fax: 2580965 • ई–मेल/email:directordteup@gmail.com

5. वित्त नियंत्रक, प्राविधिक शिक्षा निदेशालय, उत्तर प्रदेश, कानपुर।
6. संबंधित संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उत्तर प्रदेश।
7. सचिव, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
8. सचिव, संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ।
9. संबंधित मुख्य/वरिष्ठ कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
10. संबंधित संस्था प्रधानाचार्य, राजकीय प्राविधिक शिक्षण संस्थान, उत्तर प्रदेश को इस निर्देश के साथ कि वे अपनी संस्था से संबंधित कार्मिक को प्राविधिक शिक्षा परिषद, उत्तर प्रदेश, लखनऊ द्वारा अयोजित सम–सेमेस्टर परीक्षा/वार्षिक परीक्षा/बैक पेपर /विशेष बैक पेपर परीक्षा जून, 2022 एवं मल्टी प्वाइंट इन्ट्री एण्ड क्रेडिट सिस्टम परीक्षा, जून–2022 समाप्ति के पश्चात् तत्काल कार्यमुक्त कर नवीन तैनाती स्थान पर कार्यभार ग्रहण करने के निर्देश दें तथा कृत कार्यवाही से निदेशालय को अविलम्ब सूचित करें।
11. संबंधित कार्मिक (द्वारा संस्था प्रधानाचार्य)।
12. प्रकरण सहायक, सी0आर0ग्रुप।

(डी0के0 वर्मा)
उपनिदेशक,
कृते निदेशक, प्राविधिक शिक्षा,
उत्तर प्रदेश।